हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता व कटिबद्धता के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मान प्राप्त।

# अब मरीजों को नहीं लगानी पड़ती है महानगरों की दौड़ किडनी और मूत्र रोगों के सफल उपचार के बाद हृदय रोगियों के लिए शहर का सबसे बड़ा विश्वसनीय संस्थान

*भिलाई। आरोग्यम अस्पताल किडनी व मूत्र संबंधी रोगों के उपचार में दिन पर दिन नया रिकार्ड बना रहा है। सर्वसुविधायुक्त इस हॉस्पीटल में सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम द्वारा कम खर्च में लोगो को वो सारी सुविधाएं दे रहा है जिसके लिए मरीज बड़ी रकम खर्चकर बाहर जाकर ईलाज कराते थे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. नवीन दारुका के मुताबिक उनकी सुविधाओं के लिए संभाग ही नहीं प्रदेश के कोने-कोने से गुर्दा व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। आरोग्यम की एक बड़ी सफलता यह रही कि कुछ दिन पहले ही दुर्ग जिले का एकमात्र संस्थान बन गया है जो क्वालिटी और स्टैंडर्ड मेंटेन करने आरोग्यम को **NABH** ( नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थ केयर) की फाइनल मान्यता मिल चुकी है। संस्थान को यह राष्ट्रीय मान्यता सभी विभाग के सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम एक ही छत के नीचे स्वास्थ सेवा के सभी मापदंडों का पालन करने के लिए दिया गया है। आने वाले नए साल में हॉस्पिटल में हार्ट सर्जरी और निसंतानो के लिए **IVF** पद्धति से मेल व फीमेल दोनो का एक साथ ट्रीटमेंट करने के साथ ही लीवर ट्रांसप्लाट की भी सुविधा मिलेगी। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण आरोग्यम हॉस्पिटल ट्रामा/आपातकालीन स्थिति के लिए सबसे किफायती एवं विश्वसनीय संस्थान के रूप में जाना पहचाना नाम बन चुका है। इस अस्पताल की सुविधाओं से राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और कवर्धा जिले के ही नहीं संभाग के सभी जिले सहित प्रदेश के बाहर से आए लोगों को लाभ मिल रहा है। पिछले चार महीने में यहां के विशेषज्ञों की टीम ने कमाल किया है। किडनी ट्रांसप्लांट जो कि पहले प्रदेश से बाहर संभव होता था, एक नहीं दो-दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर दिखाया है। यह अस्पताल संभाग का पहला किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाला अस्पताल बन गया है।*



*"मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में अग्रणी बनाना है, जिसमें हम प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय ,बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।"*

## 24 घंटे विशेषज्ञों की टीम मुश्तैदी से तैनात

**डॉ. आकाश बक्शी**
( वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व सर्जन)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. जीवन लाल घीदले**
( वरिष्ठ पेट, आंत, लिवर एवं पित्त नली के पथरी रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. कुलदीप सिंह**
(नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक।

**डॉ. आर के साहू**
(वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
सोमवार से शनिवार **OPD Timing** सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।

**डॉ. एसके सेठी**
(जनरल मेडिसिन एवं किडनी परामर्श विशेषज्ञ)
**OPD Timing** प्रत्येक मंगलवार व शनिवार शाम 6 बजे से 9 बजे तक।

**डॉ. नवीन दारुका**
( वरिष्ठ मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार सुबह 8 से रात 10 बजे तक।)

**डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई)**
(निसंतानता, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. तरुण नायक, डॉ. रूपनारायण साहू**
( वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक।

**डॉ. राजेश सिंघल**
(जनरल मेडिसिन, हाइपरटेंशन, शुगर, थायराइड रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. विशाल अग्रवाल**
(जनरल मेडिसिन,शुगर, आईसीयू, ब्लड प्रेशर विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार शाम 6 से रात 9 बजे तक।

## सुविधाएं अपार

### स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे सातों दिन समर्पित अस्पताल

आरोग्यम में ही एक छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी वह भी दूरबीन विधि से, जांच के लिए कहीं और जाना भी नहीं




**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में ऐसा नहीं की केवल किडनी व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार की ही सुविधा है। बल्कि एक ही छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी भी की जाती है। वह भी सभी सर्जरी दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) विधि से होती है। इस तरह की सर्जरी जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. तरुण नायक की टीम करती है। सर्जरी से पहले होने वाली जरूरी जांच के लिए भी यहां के मरीजों को कहीं और आना जाना नहीं पड़ता है। 24x7 जनरल सर्जरी के साथ ही 24X7 एक्स-रे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व ब्लड जांच की सुविधा है। जनरल सर्जरी में ये रोज हो रही सभी प्रकार की हार्निया सर्जरी, पित्त (गॉल ब्लेडर) की पथरी, स्पलीन (ताप तिल्ली) सूजन, अपेंडिक्स व अग्नाश्य में सूजन, आमाशय एवं आंतों की बीमारी।







## दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरणः डॉ. आकाश बक्शी

**आपके दिल का सच्चा साथी**



दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में एक नई उम्मीद का सूरज उग चुका है। **वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आकाश बक्शी** के नेतृत्व में अब यहां दिल से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञता के साथ किया जा रहा है। **डॉ. आकाश बक्शी**, जो कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में वर्षों से अनुभव रखते हैं, अपने मरीजों के लिए नए इलाज के तरीके और जीवनशैली से जुड़ी सलाह देने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका मानना है कि दिल की बीमारियों का समय रहते इलाज और सही जीवनशैली के पालन से उपचार किया जा सकता है। आरोग्यम हॉस्पिटल में अब उच्चतम स्तर की कार्डियोलॉजिकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जैसे एंजियोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, हार्ट फेल्योर का इलाज, और दिल के दौरे से बचाव के लिए विशेष कार्यक्रम। डॉ. बक्शी ने इस पहल पर कहा, दिल की बीमारियां अब एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, लेकिन सही समय पर इलाज और जीवनशैली में बदलाव से हम इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में हमारे पास ऐसी तकनीकें और विशेषज्ञता है जो मरीजों के दिल के स्वास्थ्य




को बेहतर बना सकती हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में डॉ. आकाश बक्शी के नेतृत्व में दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह एक नई आशा की किरण बनकर उभरी है, और यह हॉस्पिटल अब दिल के मरीजों के लिए सबसे विश्वसनीय और अग्रणी केंद्र बन चुका है।

**गुड न्यूज..** किडनी ट्रांसप्लांट एवं दुर्लभ सर्जरी कर 350 से अधिक मरीजों को दुर्लभ बीमारियों से दिलाया निजात

# हाइवे से लगा एकमात्र सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल जहां ट्रामा की सर्वश्रेष्ठ टीम उपलब्ध है।

**भिलाई।** किडनी व मूत्र रोग के इलाज से किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचा आरोग्यम अस्पताल धीरे-धीरे मध्य भारत का ट्रांसप्लांट सेंटर बन रहा है। दो साल के भीतर ट्रांसप्लांट तक पहुंची यहां के विशेषज्ञों की टीम नए लक्ष्य के लिए तन-मन-धन से जुटी है। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। विगत दिनों सेक्टर-9 हॉस्पिटल (बीएसपी) से रिटायर्ड अनुभवी **डॉ. जीवन लाल घीदले** जो अब पेट संबंधित बीमारियों के मरीजों का आरोग्यम अस्पताल में उपचार करेंगे। लिवर ट्रांसप्लांट की नई सुविधा अस्पताल प्रबंधन ने नए साल में संभाग वासियों के देना तय किया है। काम चल रहा है।




स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति किसी भी समय आ सकती है और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कादंबरी नगर दुर्ग बाईपास रोड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक 24x7 इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट है। यहां चौबीसों घंटे अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आधुनिक मेडिकल मशीनों की मदद से मरीजों की जान बचा रही हैं। इस स्थापित यूनिट की वजह से आज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ में आपातकालीन उपचार के लिए एक बड़ा नाम बनता जा रहा है। 24X7 इमरजेंसी सुविधा हॉस्पिटल में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में आते ही सर्वोत्तम चिकित्सा बिना समय गंवाए मिल जाती है।



आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली जैसे महानगरों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ते दर पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। डायलिसिसस व सामान्य किडनी रोगो के उपचार से शुरु कर 2 साल में किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचे है। हमारी टीम आरोग्यम को प्रदेश का सस्ता व बेहतरीन ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने पर काम कर रही है, आगे लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देना हमारा लक्ष्य है।

## अत्याधुनिक एवं दुर्लभ सर्जरी जिसे आरोग्यम टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया

### दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार से पीड़ित पांच साल के बच्चे की सफल सर्जरी

दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार एपीस्पीडियास से ग्रसित 5 वर्षीय बच्चा जन्म के साथ ही एपीस्पीडियास से पीड़ित होने से बच्चे को पेशाब सामान्य रूप से ना हो कर लिंग के ऊपरी हिस्से से होने के चलते बच्चे के माता-पिता काफी परेशान थे, कई जगह इलाज कराने के बाद आरोग्यम अस्पताल के डॉ नवीन राम दारुका से परामर्श लेकर दिल्ली के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट **डॉ. गौतम बंगा, डॉ. नवीन राम दारुका** एवं आरोग्यम की टीम द्वारा इस जटिल ऑपरेशन को करके बच्चे की यूरेथ्रा का पुनर्निर्माण किया गया, ऑपरेशन के दौरान अंगों की सरंचना को सामान्य स्थिति में लाया गया। लगभग 3 घंटे तक चली सर्जरी उपरांत बच्चा सामान्य स्थिति में मूत्र विसर्जन करने लगा। जो अस्पताल की टीम के लिए अनोखा केस रहा।

### एक ही मरीज में दूरबीन से गुर्दे, पित्त नली, पित्ताशय की पथरी का दुर्लभ सर्जरी

काफी समय से पित्त नली की पथरी का दर्द झेल रहे 52 वर्षीय मरीज का आरोग्यम में सही ईलाज मिलने पर राहत मिली। **डॉ. जीवनलाल एवं डॉ. नवीन राम दारुका** की टीम ने सीटी स्कैन एवं अन्य जांच कर मरीज के पित्त की नली में बड़ी पथरी, किडनी में सूजन, पैंक्रियाटाइटीस जैसी घातक बीमारी के साथ ही पित्ताशय एवं किडनी में कई पथरियां पाई गई, जो कि मरीजों में इस प्रकार की समस्या काफी दुर्लभ होती हैं, इस गंभीर स्थिति में आरोग्यम के विशेषज्ञों की टीम द्वारा दूरबीन पद्धति से पित्त नली की पथरी को तोड़कर बायलरी स्टेंट एवं किडनी में **DJ** स्टेंट एवं पेनक्रियाज में भी स्टेंट डालकर सफल ईलाज किया गया। मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। संभवतः यह जिले का पहला केस होगा। जहां इस प्रकार की सर्जरी की गई।

### ओडिसा से पहुंचे मरीज की स्पाइनल कॉर्ड में ट्यूमर की जटिल सर्जरी

दुर्ग जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक आरोग्यम अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में, अस्पताल के विशेषज्ञ **डॉ. कुलदीप सिंह** की टीम ने उड़ीसा से पहुंचे एक मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण इस बीमारी का **डॉ. कुलदीप** द्वारा **MRI** करने पर ट्यूमर का पता चलते ही आधुनिक तकनीक और उच्चतम कौशल का उपयोग कर 5 घंटे में यह सर्जरी पूरी की। संवेदनशील स्थान पर ट्यूमर होने से ऑपरेशन में बेहद सावधानी की आवश्यकता थी। लेकिन **डॉ. कुलदीप** की टीम सटीक माइक्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने उम्मीद खो दी थी, लेकिन आरोग्यम की टीम ने उनकी जिंदगी में एक नई रोशनी लाई है। सर्जरी में अस्पताल के कुशल चिकित्सा टीम ने आरोग्यम अस्पताल को एक बार फिर मेडिकल क्षेत्र में अग्रणी साबित किया।

### आधुनिक पद्धति से कर रहे यह सर्जरी

गैस्ट्री सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, घुटने का प्रत्यारोपण, थायराइड और कैंसर सर्जरी की सुविधा। डॉ. तरुण नायक पहले पेट संबंधी छोटी सी परेशानी से पेट चीरना पड़ता था। लेकिन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से पेट चीरने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज की रिकवरी तेज होती है। जटिल सर्जरी भी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से कर सकते हैं।

### 75 % महिलाओं की टीम से बना सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल

महिलाएं संवेदनशील होती है और वे दूसरों का दर्द बखूबी समझती है इसलिए आरोग्यम में डाक्टर और नर्स सहित 75 प्रतिशत महिलाओं की सुपर टीम 24x7 लगन के साथ मरीजों की देखरेख करने से लेकर डिस्चार्ज के बाद फॉलोअप पूरी जिम्मेदारी से निभाती है।

## उपलब्धियां

- अल्प समय में संभाग का सबसे बड़ा ट्रांसप्लांट केंद्र
- जिले का एकमात्र अस्पताल जहां ट्रांसप्लांट आईसीयू है।
- दुर्ग जिले का एक मात्र संपूर्ण NABH हॉस्पिटल
- संभाग का सबसे बड़ा 15 बेडेड डायलिसिस यूनिट।
- 300 से अधिक नि :शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन। सैंकड़ो मरीजों को मिला लाभ।
- 3500 से अधिक किडनी सर्जरी।
- डायलिसिस 18500 से अधिक।
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 1200 से अधिक।
- ब्रेन ट्यूमर सर्जरी 50 से अधिक।
- गेस्ट्रो प्रोसिजर- मात्र चार में महीने में 100 से अधिक। गेस्ट्रो संबंधित प्रोसिजर हो चुका है।
- सभी प्रकार की पथरी सर्जरी के लिए विश्वसनीय एवं किफायती संस्थान

## छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम कीगल चेयर द्वारा पेशाब नियंत्रण का कारगर इलाज आरोग्यम में

**पेल्विक फ्लोर के इलाज का एक अत्याधुनिक तरीका**

आजकल महिलाओं और पुरुषों में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों की कमजोरी एक सामान्य समस्या बन गई है, जिससे इनकंटिनेंस (पेशाब का नियंत्रण न रहना) जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत से उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन कीगल चेयर एक आधुनिक और प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। यह एक गैर-इनवेसिव (**non-invasive**) उपचार है, जिसे पेल्विक फ्लोर मसल्स को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



कीगल चेयर एक उच्च-तकनीकी चिकित्सा उपकरण है, जो पेल्विक फ्लोर मसल्स को सक्रिय करने और मजबूत करने के लिए **HIFEM** (**High-Intensity Focused Electromagnetic**) तकनीक का उपयोग करती है। यह तकनीक शरीर के अंदर गहरी उत्तेजना पैदा करती है, जिससे मांसपेशियों में संकुचन (**contraction**) और रिलेक्सेशन (**relaxation**) होता है, जो उन्हें मजबूत बनाता है। यह एक दर्दरहित और आरामदायक उपचार है, जिसमें कोई सर्जरी या दवाओं का इस्तेमाल नहीं होता। कीगल चेयर के फायदेः पेशाब पर नियंत्रण, तेज और सुविधाजनक उपचार, स्नातकों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी, यह पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिकवरी, सेक्सुअल डिस्फंक्शन, और पेल्विक दर्द जैसी समस्याओं में भी मदद कर सकती है।

advt

CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electri city Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE

सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए

97554 21861 , 0788-2990458
Book Appointment

07883500539
Emergency Number

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नवगठित कुसुमकसा भाजपा मंडल के अध्यक्ष बने योगेंद्र

**कुसुमकसा।** नवगठित भाजपा मंडल कुसुमकसा के प्रथम अध्यक्ष पद पर योगेंद्र सिन्हा गांधी के नियुक्त किए जाने पर कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए संगठन के वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। योगेंद्र सिन्हा की नियुक्ति के बाद गृह ग्राम कुसुमकसा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ मिठाईयां वितरित की गइ। योगेंद्र सिन्हा की नियुक्ति पर डॉ भूपेंद्र मिश्रा, हितेश साहू, कमलेश्वर सिन्हा, मोनू गुप्ता, पुष्पजीत बैस, देवेंद्र साहू, मोतीलाल कुचेरिया, पंकज जेठवानी, कृष्णकांत साहू, पुरषोत्तम, अशोक धरमगुड़ी, समन्नसिंह नेताम, गुलशन कोठारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इस अवसर पर योगेंद्र सिन्हा गांधी ने कहा कि भाजपा मंडल कुसुमकसा संगठन में नया मंडल है। पार्टी के वरिष्ठजनों के आशीर्वाद और आप सब के सहयोग से नया दायित्व मिला है। कुसुमकसा मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथों में पार्टी को मजबूत करने के लिए वरिष्ठजनों, महिला व युवा कार्यकर्ता के साथ मिलकर कार्य करूंगा और छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले प्रयास करने की बात कही।

### पीएम श्री स्कूल में हुआ संगीतमय योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** एक दिवसीय संगीतमय योग शिविर नगर के पीएम श्री प्राथमिक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों के साथ योगाचार्य तीरथ कुमार अटल के द्वारा निःशुल्क योग शिविर कराया गया। शिविर में संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य , प्रधान पाठक जितेंद्र देशमुख, राजेश कुमार लारेंद्र, एवं स्टॉप संजय नायक, विजय वैदे, खिलेश्वर गंजीर, मिलिंद नागदेवे,यशोदा यादव, पार्वती प्रसाद, छगन बंछोर, हेमलता साहू, चित्रलेखा साहू, अलका खरे, चंद्रकला ठाकुर एवं समस्त बच्चों ने योग में भाग लेकर स्वस्थ रहने के लाभ उठाए। इसमें सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग प्राणायाम योगिंग जॉगिंग भस्त्रिका ,कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन,हास्यासन अनेक प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान रहन-सहन, नैतिक शिक्षा पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया। इसमें निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए बैगलेस डे पर शिविर का आयोजन किया गया।

### हाईवा और पिकअप में हुई टक्कर बाल-बाल बचे चालक-परिचालक

**बालोद।** ग्राम करहीभदर मोड़ में हाईवा और पिकअप के बीच टक्कर हो गई। टक्कर से पिकअप वाहन का एक तरफ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, दोनों गाड़ी के चालक परिचालक सुरक्षित है। घटना शनिवार को दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। पिकअप वाहन ग्राम हीरापुर निवासी बलराम साहू की है और हाईव बालोद शहर का बताया जा रहा है। घटना कैसे हुई यह जाँच के बाद ही पता चल पाएगा।

## निधन

### अहिल्या बाई चंद्राकर

**जामगांव आर।** ग्राम बोरवाय निवासी अहिल्या बाई चंद्राकर पति स्वरूश्री गुहा राम चंद्राकर 82 वर्ष



का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बोरवाय में किया गया। वे अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, युधिष्ठिर चद्राकर, रमन चंद्राकर, राजेश चंद्राकर की माता जी थीं।

---

**कार्यक्रम : महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों का किया भ्रमण**

# ठेकवाडीह में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा पहले दिन निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। भागवत कथा 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा, गोकर्ण पूजा, बेदी पूजा के साथ की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों का भ्रमण किया। भागवत कथा के दूसरे दिन प्रवचन करता संत श्री बल्ला प्रसाद शर्मा ने शुकदेव जन्म व परीक्षित श्राप की कथा बताई। कथा के दौरान संत बल्ला प्रसाद शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को ईश्वर के श्री चरणों से निष्काम प्रेम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नारद जी को भगवान के चरणों से निष्काम प्रेम था, इसीलिए उन्हें भगवान का सानिध्य प्राप्त हुआ। यही उपदेश नारद जी ने महर्षि वेदव्यास जी को दिया। जब 17 पुराणों का अध्ययन करने के बाद भी व्यास जी को संतोष नहीं हुआ तो नारद जी ने उन्हें भागवत का विस्तार करने के लिए कहा। सुकदेव महाराज जी ने महर्षि वेदव्यास से भागवत का ज्ञान प्राप्त किया। जब राजा परीक्षित को भृगु ऋषि ने 7 दिन के बाद तक्षक नाग के दर्शन से अकाल मृत्यु होने का श्राप दिया। तो राजा परीक्षित अपनी मुक्ति का उपाय ढूंढने लगे। इस दौरान उन्होंने हजारों संतों से केवल एक ही प्रश्न किया कि जल्दी मरने वाले व्यक्ति को क्या करना चाहिए। लेकिन उनके इस प्रश्न का सभी ने कोई उत्तर नहीं दिया। तब सुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत का उपदेश दिया और केवल 7 दिन में ही राजा को जन्म मरण के बंधन से मुक्त कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि मानव का जन्म 7 दिनों में होता और मृत्यु भी 7 दिन के अंदर होती है। हमारे जीवन में 7 दिनों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि सात का अर्थ सत्य है और सत्य केवल परमात्मा है, यह संसार मिथ्या है। इस संसार में रहने वाला मनुष्य जीवन में परमात्मा से नश्वर वस्तु को मांगता है और फिर दुख भोगता है।








## जामगांव आर में शुरू हुई श्री राम कथा




**जामगांव आर।** नारी शक्ति एवं ग्रामवासी जामगांव आर द्वारा श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 21 दिसंबर से 28 दिसंबर तक कला मंच बाजार चौक जामगांव आर में किया जा रहा है। श्री धाम वृन्दावन से पधारे रामकथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शिवानंद महाराज ने दिसंबर 21 को मंगलाचरण के बाद संत महिमा सती मोक्ष शिव तप दक्ष यज्ञ पर व्याख्यान किए। 22 दिसंबर को पार्वती जन्म शिव पार्वती विवाह नारद मोह मनु सतरूपा तप कथा होगा। 23 दिसंबर को सूर्य वंश कथा अधोध्या वर्णन राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 24 दिसंबर को बाल लीला, नामकरण वन गमन, अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ, सीता विवाह कथा होगा। 25 दिसंबर को परशुराम संवाद, सीता विदाई, अयोध्या आगमन, केवट संवाद, दशरथ देह त्याग, चित्रकूट लीला, सीता हरण कथा होगा। 26 दिसंबर को जरायू उद्धार नवधा भक्ति सुग्रीव मित्रता समुद्र पार लंका जलाना कथा होगा। 27 को समुद्र सेतु निर्माण, रामेश्वरम शिव लिंग स्थापना, लक्ष्मण शक्ति, राम रावण युद्ध, विभीषण राज, तिलक राम राज्य अभिषेक तुलसी वर्षा की जाएगी। 28 को हवन भंडारा रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। कलश यात्रा के बाद प्रथम दिवस आचार्य शिवानंद महाराज ने कथा में सती मोक्ष शिव जी का तप, राजा दशरथ के यहाँ पूजन, विस्तृत रूप से बताया गया, रामायन कल्प वृक्ष की महिमा पर प्रकाश डाला। मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भानमती पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर, सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा, मालती साहू, प्रमिला, धनेस्वरी, त्रिवेणी साहू, योगेस्वरी साहू, तमेश्वरी साहू टेमन साहू, ज्ञान साहू, ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला सहित ग्रामवासियों ने रामकथा रसपान किया।

---

## धोबी समाज की महापंचायत आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

धोबी समाज ने अपने इष्ट गुरु संत गाडगे की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर ने कहा- संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर ने स्पष्ट तौर पर संविधान लिखते समय कहा था कि वह संत गाडगे से प्रेरणा लेकर संविधान का निर्माण कर रहे हैं, उन्होंने समाज के आयोजन में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया और 22 दिसंबर को होने वाली महापंचायत में उपस्थित होकर अपने विचार रखने का आव्हान किया। समाज का महापंचायत राजधानी के शीतला माता मंदिर प्रांगण शीतला पारा रामनगर में 22 दिसंबर रविवार को दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगी। महापंचायत में विवाह योग्य बेटा बेटी अपना पूरा परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे साथ ही सामाजिक प्रकरणों का निराकरण होगा। इसके अलावा समाज हित में कई प्रकार के नियम बनाए जाएंगे जैसे की कन्या विवाह में समाज का योगदान, मृत्यु भोज और मृतक परिवार को समाज की ओर से आर्थिक मदद, नियमित रूप से सदस्यता अभियान के अलावा रायपुर महानगर में धोबी समाज के सदस्यता अभियान में सहयोग राशि का चयन आदि अनेक निर्णय ले जाएंगे।

## पिकरीपार में सरपंच चंदा ने आंबा कार्यकर्ताओं सहायिका व मितानिन बहनों का किया सम्मान




**बालोद/कलंगपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर में पिकरीपार सरपंच चंदा साहू ने ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका एवं मितानिन बहनों का सम्मान समारोह रखा गया जहां सभी को सरपंच चंदा साहू द्वारा श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती साहू, विमला विश्वकर्मा, धनेश्वरी पटेल, मधु भट्ट, मितानिन ओमिन साहू, लक्ष्मी साहू, पायल भट्ट, विराज भट्ट, मनीष ठाकुर, सचिव नमिता साहू व पंच उपस्थित थे।

## कमलेश बने जामगांव आर भाजपा मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी ने बटरेल निवासी युवा भाजपा नेता कमलेश साहू को जामगांव आर मंडल का अध्यक्ष बनाया है। विदित हो कि पहले पाटन विस के मंडलों को उत्तर दक्षिण मध्य पाटन मंडल से नामित किए थे। लेकिन अब जामगांव आर भाजपा मंडल, पाटन भाजपा मंडल, अमलेश्वर भाजपा मंडल, कुम्हारी भाजपा मंडल, दरबार मोखली भाजपा मंडल (यह नव उदित मंडल है) नाम से जाने जाएंगे। उल्लेखनीय है पहले चार मंडल थे अब 5 मंडल विस में बनाए गए हैं। नवनियुक्त जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू वर्तमान में सेवा सहकारी समिति बटरेल के प्राधिकृत प्रतिनिधि और जामगांव आर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भी हैं। मंडल अध्यक्ष का नाम घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी रविशंकर जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू सहित पदाधिकारियों ने बधाई दी। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने जहां कमलेश को बधाई दी वहीं, दूसरी ओर कमलेश ने मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपकर विश्वास व आशीर्वाद प्रदान करने वाले मंडल, जिला, प्रदेश व देश के सभी भाजपा नेताओं का आभार जताया है। उनकी नियुक्ति पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक डा दयाराम साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू लोकमणि चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू सहित भाजपा नेताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



## कॉमर्स फिएस्टा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा





**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स फिएस्टा का आयोजन किया गया। विभागधयक्ष डॉ सीमा जयसवाल ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तथा उन्हें विषय वस्तु की व्यावहारिक जानकारी के लिए आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन एड-मेड शो आयोजन किया गया। इसके माध्यम से छात्रों ने विज्ञापन को अलग दृष्टि से प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनमोहक बनाया। इसमें प्रथम स्थान पर गेंद लाल एवं समूह बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र रहे खुशबूदार चप्पल का विज्ञापन किया तथा द्वितीय स्थान पर तुलसी एवं समूह, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर जिन्होंने वाशिंग पाउडर प्रोटेक्ट का विज्ञापन किया तथा तृतीय स्थान पर ही हेमा एवं ग्रुप बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्राएं रही। कार्यक्रम के निर्णायक वेद प्रकाश ठाकुर सहायक प्राध्यापक,अंग्रेजी तथा डॉ सीपी देवांगन सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र रहे । वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित फन गेम्स के माध्यम से छात्रों को प्रबंध के विभिन्न पहलू के बारे मे बताया। दूसरे दिन छात्र छात्रों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर अपने व्यंजन को बेचकर सफल उद्यमी बनने के गुण सिखे। इसमें प्रथम स्थान पर तुलसी एवं समूह, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रहा, द्वितीय स्थान पर हेमा एवं समूह, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रों का रहा, तृतीय स्थान पर धरणी एवं समूह बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्र-छात्राओं का रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक अंजू रानी ठाकुर सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने छात्रों को अधिक लाभ अर्जित करने के गुण दिए तथा डॉ ओंकार प्रसाद चंद्र ने छात्रों को प्रदर्शन को किस प्रकार और बेहतर किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन पूजा सोढ़ा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीके बेलेंद्र ने महाविद्यालय विभाग एवं छात्रों को बधाई दी।




## महतारी वंदन योजना की राशि से बुजुर्ग दंपति का जीवन-यापन हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना की क्रियान्वयन का दायित्व महिला एवं बाल विकास विभाग को दिया गया है। दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन तथा राजकुमार जांबुलकर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अजय कुमार साहू ने बताया कि दुर्ग जिले में 400675 महिलाओं को कुल 381834100 रुपए का भुगतान माह नवंबर में हितग्राहियों के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत राशि का अंतरण किया गया है।



यह कहानी जिला दुर्ग के एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण ग्राम पुरई की रहने वाली ढेला बाई यादव उम्र 60 वर्ष की है, जो अकेले रहते हैं। पर्यवेक्षक सोनल सोनी ने बताया कि दोनों की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो गई है । कोई पुत्र ना होने के कारण आजीविका चलाने मे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था । 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण मनरेगा में भी काम नहीं मिल पा रहा था ।वृद्धावस्था में पेंशन के लिए भी प्रयास किया गया था, किन्तु वह भी सर्वे सूची में नाम ना होने के कारण अपात्र की श्रेणी में आने के कारण पेंशन नहीं मिल पायी। इसी बीच महतारी वंदन योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा साहू ने आवेदन भराया। उसके बाद मार्च 2024 से ढेला बाई यादव को हर माह 1000 रुपये की राशि प्राप्त हो रही है । इस राशि से इनकी जीविका की सामान्य जरूरतें पूरी हो पा रही हैं। ढेला बाई यादव और उनके पति शासन की इस योजना से बहुत खुश हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

12 कॉमर्स फिएस्टा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



14 एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शिविर में दी सांस्कृतिक...








## खबर संक्षेप

### रजोली में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**बालोद/कलंगपुर।** समीपस्थ ग्राम रजोली में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम में 23 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। ग्रामीण सतनामी समाज के अध्यक्ष डोमन लाल चतुर्वेदी ने बताया कि दोपहर में बाबा गुरु घासीदास की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद जैतखाम पर पूजा अर्चना कर आमंत्रित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर आमंत्रित पंथी पार्टियां पंथी गायन व नृत्य की प्रस्तुति देंगी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि दूसरे दिन 24 दिसम्बर को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि में कार्यक्रम भुइंया के सिंगार छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी हुच्चेटोला की प रस्तुति होगी।

### भारतीय किसान संघ जिला बालोद की बैठक आज

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद की मासिक बैठक 22 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे गंगा मैया प्रांगण झलमला में रखी गई है। बैठक में जिला के पदाधिकारियों व सभी तहसीलों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों एवं किसानों की उपस्थिति रहेगी। अध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला बालोद सांवत राम साहू ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ विशाल चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे एवं भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रहेगी। इस बैठक में गन्ना उत्पादक किसान, धान उत्पादक, सब्जी उत्पादक एवं अन्य कोई भी किसान अपने समस्या या सुझाव रख सकते हैं।

### ओबीसी महासभा के प्रदेश पदाधिकारी आज फिंगेश्वर में

**डौंडीलोहारा।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों का एकदिवसीय दौरा कार्यक्रम 22 दिसंबर दिन रविवार को गरियाबंद जिले के विकासखंड मुख्यालय फिंगेश्वर में आयोजित है। ओबीसी महासभा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए संगठन विस्तार ,ओबीसी महासभा अधिकार आंदोलन ,राष्ट्रीय जनगणना, अनुच्छेद 340,अनुच्छेद 16(4),मंडल कमीशन एवं ओबीसी आरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है।

उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी सहित अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे।

### कार की टक्कर से दुपहिया चालक घायल

**बालोद।** शनिवार को दोपहर 1 बजे ग्राम सिवनी के पास कार ने टीवीएस लुना चालक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने से टीवीएस लुना चालक घायल हो गया, जिसे राहगीरों की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी सतानंद साहू 61 वर्षीय किसी काम से सिवनी गया था। वहां से लौटने के दौरान सिवनी के पास मेन रोड पर झलमला की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

## समस्या : मुरुम के कारण वाहनों के आने-जाने में होती है परेशानी

# मुख्य मार्ग पर जगह-जगह मुरुम के ढेर वाहन चालक परेशान, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- मुरुम के सड़क पर फैल जाने से हमेशा बना रहता है वाहनों के स्लिप होने का डर

मुख्य सड़कों से लगी जगहों पर निर्माण कार्य या अन्य कार्यों से मुरूम डाल देने के कारण वाहन चालकों के साथ क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही इससे सड़क दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। ऐसी ही एक शिकायत गुण्डरदेही के अर्जुन्दा चौक में सामने आई है। यहां सड़क से लगी जगह पर मुरूम डाल दी गई है। यह मुख्य सड़क होने के कारण बड़े वाहन चालक बड़ी दिक्कतों का सामना करते हुए यहां से निकल पा रहे हैं। मुरूम डालने के कारण सड़क संकरी हो गई है, जहां पहले बड़ी गाड़ियां आसानी से निकल जाती थीं, लेकिन अब सड़क के बगल में मुरूम डाल दिए जाने से वह, फैलकर सड़क तक पहुंचने लगी है। इससे सड़क में फिसलन जैसी स्थिति पैदा हो गई है।




**चोरहापड़ाव में मुरुम के कारण हुई दुर्घटना में 8 की हुई थी मौत**

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले के डोंडी इलाके के चोरहा पड़ाव में हड्डी गोदाम के सामने विगत दिनों हुई एक सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 5 लोग घायल हो गए थे। उक्त दुर्घटना के पीछे सड़क पर रखी मुरुम को भी बड़ा कारण बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि रात के समय सामने से गाड़ी आने पर उसकी लाइट के कारण सड़क पर पड़ी मुरुम नहीं दिखने से दुर्घटना हुई थी।

वहीं, दिन में लोगों को सड़क पर फैली मुरूम दिख भी जाती है, लेकिन रात में लोगों को सड़क पर फैली मुरूम नहीं दिखने के कारण सड़क दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है ऐसे में लोगों द्वारा लगातार मांग की जा रही है कि मुरूम हटाई जाए या इसे बराबर की जाए, ताकि आने जाने में हो रही दिक्कतों से निजात मिल सके।



## सिवनी में जिला न्यायालय के लिए चयनित स्थल की साफ-सफाई शुरू

- मजदूरों व जेसीबी के माध्यम से कराई जा रही है सफाई
- कुछ दिन पहले जिला न्यायालय के सिवनी स्थानांतरण के विरोध में किया गया था नगर बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सिवनी स्थित जिला न्यायालय के लिए चयनित स्थल की साफ सफाई प्रारंभ कर दी गई है। जहां कुछ दिनों पूर्व जिला न्यायालय के सिवनी स्थानांतरण को लेकर नगर बंद किया गया था तथा कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया था, जिसके 19 दिनों के बाद अब आरक्षित स्थल पर सफाई कार्य आरंभ होने से नगर में सरगर्मी बढ़ गई है।

शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा 2 दिसंबर को जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के बाद जिला न्यायालय को भी नगर से बाहर सिवनी में जाने की आशंका को देखकर शहर बंद रखा गया था, लेकिन शहर बंद के 19 दिनों के बाद ही जिला न्यायालय के लिए चयनित स्थल की साफ सफाई प्रारंभ हो गई है। इससे आगामी निर्माण कार्य प्रारंभ होने की आशंका जताई जा रही है।

उक्त चयनित जगह पर मजदूरों व जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई कराई जा रही है। इस जानकारी के बाद में व्यापारी संघ भी सक्रिय हो गया है। संघ अब इस पर कौन से कदम उठाता है, इस पर सबकी नजरी टिकी हुई हैं।

## गुमटी हटाने धमकाने का आरोप कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



वार्ड क्रमांक 02 नगर पंचायत गुण्डरदेही के गिरधर निषाद आत्मज भारत लाल ने व्यवसाय के लिए रखी गुमटी ठेला हॉटल को डरा धमकाकर व मानसिक व आर्थिक पीड़ देकर वहां से हटाने की धमकी देने वाले पर कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में गिरधर निषाद ने बताया कि वे विगत 12–14 वर्षों से नगर पंचायत गुण्डरदेही बघमरा वार्ड क्रमांक 01 शहीद वीर नारायण सिंह चौक गुण्डरदेही बघमरा चौक अर्जुन्दा मार्ग में हॉटल व्यवसाय करते हैं। उन्होंने कहा कि दो अन्य व्यक्तियों द्वारा उनके व्यवसाय को प्रभावित कर अपना निजी लाभ लेने की नियत से डराया, धमकाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेला गुमटी को हटाये जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मुझे आर्थिक एवं मानसिक क्षति हो रही है तथा कभी भी कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। उन्होंने उक्त दोनों व्यक्तियों पर उचित कार्रवाई के साथ ही व्यवस्थापन की मांग की है।

### पहले विश्व ध्यान दिवस पर बालोद में हुआ कार्यक्रम

**बालोद।** द आर्ट आफ लिविंग एवं जिला–प्रशासन बालोद द्वारा 21 दिसम्बर को पहला विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर द्वारा निर्देशित ध्यान बड़े ही उत्साह के साथ किया।



## बालोद टेक्नोफेस्ट में जिले के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

जिले में विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में पहल करते हुए विद्यार्थियों को अपने नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शित करने बालोद टेक्नोफेस्ट 2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों को अपनी तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करने का मौका मिला। इस आयोजन में गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम मुंदेरा स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया, कक्षा 6 वीं से 8 वीं, 9 वीं से 10 वीं एवं 11 वीं एवं 12 वीं तीन वर्गों में विभाजित कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा के बच्चों ने भाग लिया, जहां बच्चों के द्वारा सोलर पैनल के द्वारा सोलर बाइक का निर्माण कर प्रदर्शन किया गया। जहां बच्चों को अपनी विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिले।




## बोरगहन व इरागुड़ा में मनाई गई बाबा घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम बोरगहन एवं इरागुड़ा में सतनामी समाज द्वारा संत बाबा घासीदास जयंती मनाई गई। उक्त जयंती समारोह में विधायक कुंवर सिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोज साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, सरपंच संत चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य बलराम अंगारे, समाज के लोग उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद ने बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्वि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच–नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बाबा घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने से ही सामाजिक समरसता में वृद्धि होगी। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे–मनखे एक समान का संदेश देकर विभिन्न समाजों को एक माला में पिरोने का कार्य किया। सत्य ही मानव की असली आभूषण है। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी बनने की उन्होंने प्रेरणा दी थी। उनके विचार सिर्फ एक समाज नहीं अपितु संपूर्ण मानव समाज के लिए है। इस दौरान ग्रामवासी सामाजिक बंधु आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## राज्य सरकार के गठन के एक वर्ष पूरे होने पर कृषि विभाग ने किया आयोजन

# गुण्डरदेही में हुआ किसान सम्मेलन, दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

कृषि विभाग द्वारा विष्णु देव सरकार की एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को जनपद सभा कक्ष गुण्डरदेही में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुष्यंत कुमार सोनवानी, कोमल सोनकर, दिलीप कुलहारे, सौरभ जैन शामिल हुए।

दुष्यन्त कुमार सोनवानी ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के धान उत्पादक किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के भाव से धान की खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली आई है, 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रूपए दो साल के बकाया धान बोनस का भुगतान किया गया।

सौरभ चोपड़ा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख माताओं और बहनों को प्रतिमाह एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे माताओं और बहनों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव दृष्टिगत हो रहा है, वही महतारी सदन प्रदेश में 179 महतारी सदन के निर्माण के लिए 52 करोड़ 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है इससे महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होगी साथ ही महिला स्व–सहायता समूहों को रेडी–टू–ईट तैयार करने का काम भी पुनः शुरु किया किया जा रहा है। इससे समूह सामाजिक और आर्थिक तौर पर संबल हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विष्णुदेव साय की सरकार ने 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना में सर्वेक्षित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को आवास मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है, कार्यक्रम मे ब्लाक कृषि विस्तार अधिकारी पितेश्वरी नागवंशी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





### जिला पंचायत में हुआ कृषक सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

बालोद। छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषक सम्मेलन सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, केसी पवार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, प्रेरम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा उप संचालक कृषि जीएस धूर्वे, पशु विभाग के उपसंचालक डॉ. शिहारे, सहकारिता विभाग के उपसंचालक राजेन्द्र राठिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। समारोह में कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरांत उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों के हित में संचालित केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का, गन्ना एवं सब्जी लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही किसानों को धान की पराली नही जलाने की अपील भी की गई।

### सिवनी में श्रीमद् भागवत कथा 9 से




**बालोद।** ग्राम सिवनी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 से 17 जनवरी तक किया गया है। कथा वाचक पंडित केशव शर्मा व परायणकर्ता पंडित राजेन्द्र शर्मा होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 9 जनवरी को वेदी पूजन, व्यास पूजन, गौकर्ण कथा के साथ होगी। 10 जनवरी को भागवत माहात्म्य, श्री शुकदेव जन्म श्रुति, परीक्षित जन्म कथा होगा। 11 जनवरी को मनुगाथा, कपिल गीता, गंगावतरण कथा होगी। 12 जनवरी को वामनावतार, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 13 जनवरी को समुद्र मंथन, श्रीरामकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला होगी। 14 जनवरी को कंस वध, रूक्मिणी विवाह, 15 जनवरी को प्रदुमन कथा, सुदामा चरित्र, 16 जनवरी को परीक्षित मोक्ष, यज्ञदान, हवन कपिलातर्पण कथा होगी। 17 जनवरी को गीता अमृत, तुलसी वर्षा, क्षमायाचना की जाएगी।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का लिया आशीर्वाद

**डौंडीलोहारा।** नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता व आदिवासी नेता देवलाल ठाकुर व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू व जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा ने कुसुम शर्मा को बधाई दी। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुसुम ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नरेंद्र लुक्कड़, महावीर तातेड, प्रभात डोसी, वार्ड 6 पार्षद माया ठाकुर, वार्ड 10 पार्षद सुभद्रा टांडेकर, दशोदा भुआर्य, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता मालेकर, जसराज शर्मा, इकबाल अरोड़ा, पूनम जैन, संजय दुबे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए अमन का चयन



**गुरूर।** 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालक वर्ग रायपुर (छ.ग.) के लिए अमन का चयन हुआ। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर के कक्षा 11 वीं कामर्स के छात्र अमन हिरवानी का चयन हुआ। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी यादव व खेल प्रभारी नीलम साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। अमन हिरवानी 02 जनवरी 2025 से 06 जनवरी 2025 तक आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

### विष्णु सिंह की स्मृति में परिजनों ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा में शनिवार को स्व. विष्णु सिंह ठाकुर की स्मृति में उनके परिजनों ने न्योता भोज का आयोजन किया गया। ठाकुर परिवार द्वारा आयोजित न्योता भोज में शाला के सभी बच्चों को पंगत में बैठाकर स्वादिष्ट व पौष्टिक व्यंजन परोसा गया। कार्यक्रम में बच्चों को पूरक पोषण आहार के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में नीरा सिंह, डॉली ठाकुर व प्रधानपाठक सुरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक मोतीलाल सिन्हा व कामिनी यादव के साथ अन्य मौजूद रहे।

### दुपहिया की टक्कर से होटल संचालक घायल

बालोद। ग्राम पुरूर में इलेक्ट्रिक स्कूटी चालक ने संतोष प्रजापति को टक्कर मार दी। पुरूर निवासी धनंजय प्रजापति ने बताया कि मेरे पिता संतोष कुमार प्रजापति एनएच 30 मार्ग स्थित धान खरीदी केन्द्र पुरूर के पास होटल संचालन करता है। 15 दिसंबर को मेरे पिता शाम को होटल बंद कर पान गुटखा लेने रोड के उस पार स्थित दुकान में गए थे। पान गुटखा लेकर वापस रोड पार कर रहे थे, तभी पुरूर से धमतरी की ओर जा रही थी इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्रमांक सीजी 5 एआर 6569 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घायल संतोष कुमार प्रजापति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर ले गये थे जहां से निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। धनंजय प्रजापति की रिपोर्ट पर 19 दिसंबर को पुरूर थाने में इलेक्ट्रिक स्कूटी चालक के खिलाफ धारा 125(ए) बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**अभियान :** ग्राम परना में लगा शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा का विशेष शिविर

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शिविर में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम परना में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष दिवस के सातवें दिवस विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति एवं सहायक प्राध्यापिका भौतिक शास्त्र डॉ दीपिका चन्द्राकार के निर्देशन में ग्राम पंचायत परना में आयोजित विशेष शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति के साथ समाज में नशामुक्ति और अंधविश्वास पर आधारित लघु नाटक का मंचन कर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश्वरी यादव संरपच ग्राम पंचायत परना, समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

संरपच कमलेश्वरी यादव ने कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति एवं सहायक प्राध्यापिका भौतिक विज्ञान डॉ दीपिका चन्द्राकार का साल श्रीफल और पेन भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी स्वयंसेवकों को उपहार स्वरूप पेन भेंट किया। कमलेश्वरी यादव ने समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए स्वयंसेवकों की सेवा भाव और कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में और शिविर आयोजित करने के लिए हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सम्पूर्ण शिविर के दौरान शिविर नियमावली, समय सारणी के अनुसार बड़े उत्साह के साथ गंभीरता पूर्वक सेवा कार्य किया गया। शिविर में 60 स्वयं सेवक सम्मिलित रहे, स्वयं सेवकों को चार समूह में बांटकर दल प्रभारी के रूप में विवेकानंद ग्रुप से वीर शिवाजी ग्रुप, महाराणा प्रताप ग्रुप, भगतसिंह ग्रुप चन्द्रशेखर आजाद ग्रुप से अलौकित से शिविर नायिका निशा साहू और उप शिविर नायिका यामिनी देवांगन के नेतृत्व में शिविर की गतिविधि प्रसन्नता के साथ पूरा किया गया।



**इन्होंने निभाई प्रमुख भूमिका**

सात दिवसीय विशेष शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिविर नायिका निशा साहू, उपशिविर नायक यामिनी देवांगन, मेस प्रभारी मोहित यादव, राकेश कुंभकार, सांस्कृतिक प्रभारी मानसी धनकर, कार्यालय प्रभारी पायल निषाद, रेणुका कांशी, अनुशासन प्रभारी कामिनी साहू, दिव्या सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्रियांचल टंडन, खेमेश्वरी चौधरी, अमृत कुंभकार, स्वयंसेवक राकेश कुमार, दानेश्वर सिन्हा, प्रणव तिवारी, वैभव देशमुख, युवाकांत सिन्हा, हेमचंद भारती, सुदर्शन साहू, शुभम देशमुख, मोहित यादव, निखिल सिंह राजपूत, जागृतिसिंह राजपूत, मनीषा साहू का सहयोग रहा।

## अंधियाटोला में एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने की विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अंधियाटोला में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू थीं, अध्यक्षता देवारभाट सरपंच वर्षा चांडक ने की। विशेष अतिथि पंच गोमती पोसार्य, चैतराम कोठारी, रतन कोठारी, आनंद करपाल एवं जरीना साथ थे। शिविर मे प्रभात फेरी, परियोजना कार्य के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा, ग्राम संपर्क, देशी खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल था। परियोजना कार्य के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल, आंगनबाड़ी, स्कूल परिसर के पीछे की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिविर के पांचवें दिन बालोद जिला के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ लीना साहू का शिविर में पहुंचीं। उनके द्वारा शिविर के महत्व को बताया गया। स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे नशा एवं दहेज पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वामी आत्मानंद माध्यमिक विद्यालय झलमला के प्राचार्य शिबानी नंदी एवं विद्यालय के व्याख्याता बीके पटेल, आरएन देशमुख, घोड़ेसवार, देशमुख, नीता, मानिकपुरी, सुनीत, राणा नेताम, बी साहू, बीआर साहू उपस्थित थे।





## किल्लेकोड़ा में लगा सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में शनिवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि ललिता बाई गांवरे सरपंच किल्लेकोड़ा थीं, अध्यक्षता आर.एस रायपुरिया प्राचार्य भैंसबोड़ ने की। विशेष अतिथि के रूप में राज्यपाल पुरस्कृत डॉ बी. एल. साहसी व्याख्याता, अधन सिन्हा, अशोक सिन्हा, निर्भय भंडारी, रुक्मणी बाई, गीता बाई, रामेश्वरी देवी, रूप सिंह, हीरालाल चुरेंद्र भैंसबोड़, मिथलेश साहू, भैंसबोड़, कीर्ति भारती भैंसबोड़ थे।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ की एनएसएस इकाई द्वारा किए जा रहे हैं विविध कार्यक्रम




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चुरेंद्र ने कहा कि एन.एस.एस. का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता तथा गांव वालों को इसके बारे में जागृत करना है। डॉ साहसी ने कहा कि स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। उन्होंने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन अमेरिका में भारत का नेतृत्व किया और इस सम्मेलन में भारत की ख्याति पूरे विश्व को दिलाई और कहा कि वेदान्त सबका धर्म है अतः उन्हें सबको मानना चाहिए। इस अवसर पर गांवरे मैडम ने मुख्य अतिथि की आसंदी पर बोलते हुए कहा कि सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वच्छता के साथ-साथ हमें आप लोग अपना ज्ञान बाटेंगे और हम अपनी ज्ञान आप लोगों को देंगे। अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान रायपुरिया प्राचार्य भैंसबोड़ ने कहा कि हमें अनुशासित रहकर कार्य करना चाहिए जिससे विद्यालय का नाम रोशन हो और मुझे मेरे विद्यार्थियों से काफी अपेक्षा है कि इसमें वे खरे उतरेंगे। उन्होंने किल्लेकोडा के सरपंच को धन्यवाद दिया।



## कलशयात्रा के साथ नारी सशक्तिकरण राष्ट्रीय जागरण कार्यक्रम हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नारी सशक्तिकरण राष्ट्रीय जागरण कार्यक्रम महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम में बालोद जिले के पांचों ब्लॉक बालोद, डौंडीलोहारा, डौंडी, गुरुर व गुंडरदेही के सभी परिजन शामिल हुए। देव मंच से शुभारंभ होकर भ्रमण करते हुए, मंगल कलश यात्रा, तालाब से जल लेकर, देव मंच पहुंची। कलशयात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत सत्कार किया। प्रसाद के रूप में फल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक, ब्लाक समन्वयक एवं यज्ञ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। मंगल कलश यात्रा में 1100 नारियों ने मंगल कलश लेकर सहभागिता निभाई, कार्यक्रम में लगभग 4000 लोगों की सहभागिता रही।

## लद्दाख में पदस्थ जूनियर कमिशनर अफसर मेजर वेणु गोपाल ने दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला परसदा डंग में अपने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की थी। यह पल को यादगार करते हुए लद्दाख में पदस्थ जूनियर कमिशनर अफसर मेजर वेणु गोपाल साहू ने अपनी पत्नी नीलिमा के साथ बच्चे के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन दिया। इस कार्यक्रम में शाला से 180 बच्चे, एसएमसी के 32पदाधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच, गायत्री परिवार से माताओं व ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक को आमंत्रित किया गया था। साथ ही श्री साहू ने शालास्तर पर 5 पाम के पेड़, शाला गेट के लिए सहयोग राशि प्रदान की। श्री साहू जी ने अपने प्रारंभ शिक्षण से अब तक जो मुकाम हासिल किया है, उन सभी गतिविधियां की जानकारी देकर बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुलदीप साहू सरपंच, लालाराम,मोहनसाहू, नीलांबर साहू,विनोद साहू, हिलेश्वर साहू बाला राम, रेशमा, प्रियंका साहू, इंद्राणी, सत्यवती एवं शाला स्टाफ उपस्थित थे। आभार व्यक्त प्रधान पाठक एमके चंद्राकर ने किया।



## प्रधानपाठक बने शिक्षक संदीप कुमार, दी गई विदाई

**अर्जुंदा।** शासकीय प्राथमिक शाला से पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुनी में प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत शिक्षक संदीप कुमार गांगुली का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेगा बैठक का आयोजन किया गया। संदीप कुमार गांगुली प्राथमिक शाला खुरसुनी में 10वर्ष की सेवा दी। उनका प्रमोशन शासकीय प्राथमिक शाला मनकी (साल्हे) विकासखंड डौडी लोहारा में प्रधानपाठक के पद पर हुआ है। कार्यक्रम में हुबलाल बोरकर, पालेश्वर साहू, शासकीय उच्चतर माध्य विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला खुरसुनी के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक खुरसुनी कमल नारायण टंडन, खिलेश्वर साहू, शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुनी के अध्यक्ष चुरामन साहू, उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, शिक्षाविद व समस्त सदस्य उपस्थित थे।



## सशिमं विद्यालय पुरूर में हुआ पालक सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में पालक सम्मान समारोह रखा गया। इस दौरान विद्यालय में आयोजित अर्धवार्षिक परीक्षा बच्चों की स्थिति से पालकों को अवगत कराया गया।

उपस्थित अभिभावकों एवं भैया बहनों के समक्ष परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था के प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र द्वारा किया गया। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख कटेंद्र ने भैया बहनों को आने वाले वार्षिक परीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त करने के लिए पूरे लगन के साथ कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में पालकों सहित परीक्षा प्रमुख नीमा साहू एवं परीक्षा सहायक गोपाल पटेल के साथ आचार्य योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, हरि गोपाल मुरचुलिया, मिलन साहू, राकेश साहू, खिलेश्वरी साहू, आशा नेताम, खुमेश्वरी साहू, रोशनी साहू, संतोषी नागवंशी, कुमुदिनी यादव सीमा निषाद, कामिनी साहू, टिलेश्वरी साहू, आरती मरकाम, यशस्वी ओटी, प्रमिला कुंजाम, पूनम यादव का योगदान रहा।






## धान की खेती करके खुशहाल हैं किसान : पुष्पेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रजोली सोसायटी में सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आम सभा का आयोजन कर सुशासन दिवस मनाया गया। इसमें सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धि गिनाई गई तथा सरकार द्वारा किसानो के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने आमसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित किसानो को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया।, उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव में किए गए संकल्पों को एक साल में पूरा किया है। किसानों को आर्थिक रुप से समृद्धशाली बनाने की दिशा में सरकार ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों व कार्य का ही परिणाम है कि बीते एक साल मे किसानों में खेत बेचने, खेत को रेगहा, कट्टु देने की स्थिति रुकी है, किसान स्वयं किसानी कर रहा है। युवा भी किसानी के प्रति आकृष्ट हुआ है, पहली बार ऐसा हुआ है कि धान की खेती करके भी किसान खुशहाल हुआ है। उसके पास नकद रकम बच रही है, किसान बिना खेत बेचे घर के बड़े काम कर रहा है। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने इसके अतिरिक्त भी भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी।

- रजोली सोसायटी में सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर हुआ कर्यक्रम

